## कार्यालय–अध्यक्ष, चयन समिति/जनपद न्यायाधीश, सिद्धार्थनगर।

### विज्ञप्ति

पत्रॉक 1179/2026 दिनांकः 22.9.2026.

माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के C.L. No.– 14/Admin. (D) Section: Dated 15.10.2022 के अनुपालन में जनपद न्यायालय सिद्धार्थनगर में निम्न रिक्त पदों पर जनपद न्यायालय से सेवानिवृत्त कर्मचारीगण की नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप (संलग्न) पर आवेदन–पत्र दिनांक 7.10.2026 की सायं 5:00 बजे तक आमन्त्रित किये जाते हैं। निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त हुए आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| कम संख्या | पद नाम | रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | प्रधान सहायक | 06 |
| 2 | वरिष्ठ सहायक | 20 |
| 3 | वाहन चालक | 02 |
| 4 | दफ्तरी (चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी) | 01 |
| 5 | आदेशिका वाहक (चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी) | 03 |
| 6 | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (अर्दली/कार्यालय चपरासी) | 05 |

<u>नोटः–</u>

1– उक्त पदों का वेतनमान सम्बन्धित पद पर आवेदक को मिलने वाले अन्तिम आहरित वेतन, जिसमें से पेंशन राशि काटकर मानदेय के रूप में देय होगा। अन्य भत्ते उत्तर प्रदेश शासन के यथासंशोधित आदेशों के अधीन प्रदान किये जायेंगे।

2– उक्त पदों पर चयनित कर्मचारीगण का कार्यकाल कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 01 वर्ष या उस पद पर सीधी भर्ती या पदोन्नति द्वारा भरे जाने अथवा 65 वर्ष आयु पूर्ण होने में से जो भी पहले हो, तक के लिये होगा।

3– एक अभ्यर्थी द्वारा एक ही पद के लिए आवेदन किया जायेगा। एक से अधिक पद हेतु आवेदन मान्य नहीं होगा।

4– चयनित कर्मचारीगण की नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी, जो संतोषजनक सेवा न पाये जाने की स्थिति में बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त की जा सकती है।

5– आवेदक की विगत पूर्व 5 वर्षों की चरित्र पंजिका सही हो। आवेदक का पूर्ववर्ती आचरण (past record) व ए0सी0आर0 उसकी नियुक्ति का आधार होगा।

6– आवेदक पर कोई आपराधिक/सिविल मुकदमा लम्बित एवं पंजीकृत न हो।

7– उक्त पदों पर पुनर्नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप (संलग्न) पर आवेदक अपना आवेदन–पत्र, आयु प्रमाण–पत्र एवं स्वस्थता प्रमाण–पत्र के साथ दिनांक 7.10.2026 को सायं 5:00 बजे तक प्रशासनिक कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

उक्त समस्त पदों की पुनर्नियुक्ति हेतु साक्षात्कार की प्रकिया अपनायी जायेगी। प्रधान सहायक/वरिष्ठ सहायक की पुनर्नियुक्ति हेतु टाईपिंग टेस्ट की प्रक्रिया भी अपनायी जायेगी। साक्षात्कार व टाईपिंग टेस्ट की तिथि बाद में घोषित की जायेगी। साक्षात्कार हेतु उपस्थित अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का यात्रा–भत्ता देय नहीं होगा।

प्रशासनिक अधिकारी, जनपद न्यायालय, सिद्धार्थनगर को आदेशित किया जाता है कि उक्त विज्ञप्ति को समस्त न्यायालय के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के मध्य परिचालित करायी जाय। सार्वजनिक प्रकाशन हेतु न्यायालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाय एवं सिस्टम असिस्टेंण्ट सिद्धार्थनगर को निर्देशित किया जाता है कि इस विज्ञप्ति को जनपद न्यायालय सिद्धार्थनगर तथा माननीय उच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर भी अपलोड कराया जाना सुनिश्चित करें।

एक प्रति जिला सूचना अधिकारी, सिद्धार्थनगर को कम से कम दो दैनिक समाचार–पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु प्रेषित की जाय।

जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष चयन समिति
जनपद न्यायालय, सिद्धार्थनगर।

District & Session Judge
Siddharth Nagar

**जनपद न्यायालय सिद्धार्थनगर में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति के माध्यम से भरे जाने वाले रिक्त पदों पर सेवायोजन के लिए**

**<u>आवेदन–पत्र।</u>**

(As per C.L. No. 14/Admin "D" Section: Dated: 15-10-2022)

**आवेदित पद का नामः– लिपिक (प्रधान सहायक/वरिष्ठ सहायक)/वाहन चालक/चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (दफ्तरी/आदेशिका वाहक/अर्दली/कार्यालय चपरासी)**

1– आवेदक का नामः.......................................................................... ..................................

नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो

2– पिता/पति का नामः..........................................................................

3– जन्म तिथिः.......................................................................... ..............................

4– सेवानिवृत्ति की तिथिः..........................................................................

5– अन्तिम धारित पद एवं जनपद न्यायालय का नाम (जहॉ से सेवानिवृत्त हुए हैं)

..........................................................................

6– फोटोयुक्त पहचान–पत्र (पहचान–पत्र/आधार कार्ड व अन्य वैध पहचान–पत्र)

7– स्थायी पताः..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

8– अस्थायी पताः..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

9– मोबाईल नम्बरः..........................................................................

10– ई–मेल आई0डी0:..........................................................................

11– शैक्षणिक योग्यता..........................................................................

**नोटः–** अन्तिम आहरित वेतन व आहरित वेतन पेंशन आदेश की प्रति इस आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

**<u>अण्डरटेकिंग</u>**

**मैं इस आशय की अण्डरटेकिंग प्रस्तुत कर रहा हूँ/कर रही हूँ कि मैं शारीरिक रूप से स्वस्थ हूँ एवं जनपद न्यायालय, सिद्धार्थनगर में आवेदित पद पर कार्य करने हेतु सक्षम हूँ। मेरे सेवाकाल में मेरी जानकारी के अनुसार मुझे कोई ऐसा दण्ड या प्रविष्टि नहीं दी गयी है, जिससे पुनर्नियुक्ति में बाधा हो। मेरे विरूद्ध कोई भी आपराधिक कार्यवाही लम्बित नहीं है।**

**जनपद न्यायालय सिद्धार्थनगर में मेरे विरूद्ध या मुझसे सम्बन्धित कोई आपराधिक/सिविल वाद विचाराधीन नहीं है।**

**मैं प्रमाणित करता हूँ/करती हूँ कि उपरोक्त सभी सूचनाएं मेरे निजी जानकारी में सही व सत्य है। यदि किसी भी समय उक्त सूचनाएं गलत या झूठी पायी गयी तो उसकी पूर्णरूपेण जिम्मेदारी मेरे स्वयं की होगी व इस सम्बन्ध में मेरे विरूद्ध की गयी कार्यवाही मुझे स्वीकार होगी। मैनें आवेदन सम्बन्धी सभी नियम/शर्तों का अवलोकन कर लिया है तथा सभी मुझे स्वीकार हैं।**

**दिनांकः–** **आवेदक के हस्ताक्षर**